



# शराब की दुकान के पीछे मिला अवैध अहाता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 जुलाई.** देर शाम एसडीएम के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने गोला का मंदिर क्षेत्र में शराब की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान के आसपास खुले में लोग शराब पीते हुए मिले जिसको लेकर एसडीएम ने जिला आबकारी की टीम को बुलाकर कार्रवाई की तथा देर रात तक कार्रवाई जारी रही। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अतुल सिंह, अशोक चौहान, अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई जिला प्रशासन की टीम ने

**खुले में शराब पीने वालों पर चला प्रशासन का डण्डा, टीम ने किया औचक निरीक्षण**

शुक्रवार की देर शाम मदिरा की विभिन्न दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की। जिला प्रशासन की टीम ने गोला का मंदिर स्थित मदिरा की एक दुकान के पीछे से अवैध रूप से संचालित अहाता पकड़ा।

जिला प्रशासन की टीम में शामिल एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान गोला का मंदिर के समीप स्थित मदिरा की दुकान के पीछे एक अवैध अहाता मिला है। टीम को इस अहाता में लगभग 30 लोग बैठे मिले। इस मदिरा दुकान के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने साफ किया है कि जिले में शराब के अवैध विक्रय एवं गैर कानूनी अहातों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन की छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# युवक ने पत्नी और उसके प्रेमी को घर में देख कुल्हाड़ी से दोनों को दी दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 19 जुलाई.** दतिया जिले में एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी जिसके बाद युवक खुद ही थाने पहुंच गया और पुलिस को बताया कि पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या करके आया हूं। तत्काल पुलिस ने उसे थाने में ही बैठा लिया और मौके पर टीम रवाना कर दी गई, पुलिस को महिला और उसके 20 साल के प्रेमी का शव पड़ा मिला तत्काल दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

आरोपी का नाम रवि है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को पत्नी का प्रेमी रवि उसे घर के आसपास घूमता हुआ नजर आया। इसके बाद पत्नी ने आरोपी से कहा कि बाजार से सब्जी लेकर आओ, पत्नी पर पति को पहले से ही शक था इसलिए पति थोड़ी दूर तक गया और रास्ते में ही खड़ा रहा। उसके बाद वापस घर आ गया। दरवाजा पत्नी के प्रेमी रवि ने खोला जैसे ही पति रवि घर के अंदर गया तो उसने देखा उसकी पत्नी की स्थिति सही नहीं है उसने तत्काल कुल्हाड़ी उठाकर दोनों को मौत के घाट उतार दिया।



# पूल पार्टी के बीच प्रत्येक सदस्य 100 वृक्ष प्रत्येक परिवार कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 जुलाई.** महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल महिला मंडल द्वारा श्रीमती आभा अग्रवाल की अध्यक्षता में शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख आकर्षण रहा प्रत्येक सदस्य 100 वृक्ष प्रत्येक परिवार कार्यक्रम। इसकी शुरुआत कर भूमिजा ग्रुप ने प्रत्येक सदस्य को एक-एक पौधा देकर उसका पालन करने का संकल्प दिलाया। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने के विभिन्न प्रकल्पों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया जिसके अंतर्गत आरोह से निकलने वाला पानी किस तरह पेड़ एवं घर के अन्य कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है इसका प्रशिक्षण दिया गया। एसी से निकलने वाले पानी का उपयोग घर की साफ सफाई गाड़ी धोना पेड़ पौधों को सींचने इत्यादि में कैसे कर सकते हैं यह बताया गया। इस कार्यक्रम का अन्य आकर्षण रहा पूल पार्टी जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल खिलाए गए। जिसका आयोजन भूमिजा ग्रुप की सदस्यों नीना, अनुभा, नीतू, शिल्पी, शोली, पारुल, तृप्ति, विनीता मित्तल एवं मिनीता दुदावत की देखरेख में किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने शहर की प्रतिष्ठित महिलाएं एवं संस्थापक सदस्य कल्पना जैन, ऊषा गर्ग, हेमलता अगवाल एवं नूतन अग्रवाल उपस्थित थी।

## चक्रधर ग्रुप ने प्रत्याशी फाइनल किए

**ग्वालियर 19 जुलाई.** श्री सनातन धर्म मंडल के आगामी निर्वाचन की जारी गतिविधियों के बीच आज श्री चक्रधर ग्रुप के संयोजक महेश नीखरा के निवास पर ग्रुप के सभी सदस्य एकत्रित हुए। काफी देर चली मंत्रणा के पश्चात ग्रुप की ओर से संयोजक महेश नीखरा ने संभावित सूची जारी की, जिसके अनुसार अध्यक्ष पद हेतु कैलाश मित्तल, संयुक्त संयुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, उपाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, प्रधानमंत्री हेतु रमेशचंद्र गोयल लल्ला, संयुक्त प्रधानमंत्री मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष विमल महेश्वरी, संयुक्त कोषाध्यक्ष नरेंद्र मंगल, धर्म मंत्री अजय गुप्ता शिक्षा मंत्री गोपाल बांदिल, स्वास्थ्य मंत्री ओम प्रकाश जाजोरिया, समाज कल्याण मंत्री बाबूलाल सिंघल, कार्यकारिणी सदस्य हेतु शशिकांत महेश्वरी, दीपक जैन, मनीष गोयल, श्याम बंसल, आकाश बंसल, मनीष सिंघल, सत्येंद्र सिंघल, सुमन सिंघल शिव शंकर अग्रवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, आशीष जैन, जितेश बंसल, ऋषि अग्रवाल, ऋषि जिंदल के नाम सर्वानुमति से फाइनल किए गए।

# हर राजस्व प्रकरण की पेशी की तिथि आरसीएमएस में अपडेट रहे

नवभारत न्यूज





**ग्वालियर 19 जुलाई.** हर राजस्व प्रकरण की पेशी की तिथि आरसीएमएस (रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम) में अपडेट रहे। सभी प्रकरणों की नियमित सुनवाई हो। साथ ही पीठासीन अधिकारी अर्थात तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने रीडर की अलमारी का नियमित निरीक्षण करें, जिससे कोई भी प्रकरण सुनवाई से छूटे नहीं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने तहसील कार्यालय पुरानी छावनी के निरीक्षण के दौरान यहाँ के नायब तहसीलदार को दिए।

श्रीमती चौहान राजस्व महाअभियान के तहत तहसील कार्यालय वृत पुरानी छावनी में हो रही कार्यवाही का निरीक्षण करने पहुँचीं थीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री अतुल सिंह एवं नायब तहसीलदार पुरानी छावनी वृत श्री राघवेन्द्र सिंह कुशवाह भी मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट स्थित तहसील कार्यालय वृत पुरानी छावनी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित हो जाएं उन्हें तत्काल आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही संबंधित पटवारी से तीन दिन के भीतर आदेश पर अमल कराएं। जिन प्रकरणों की कार्रवाई पूर्ण हो जाए उससे संबंधित समस्त दस्तावेज रिकॉर्ड रूम में जमा करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए कि ऑनलाइन प्राप्त प्रकरणों में यदि सात दिन के भीतर आवेदक उपस्थित नहीं होता है तो उन प्रकरणों को लंबित न रखकर नियमानुसार निराकरण किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जोर देकर कहा कि राजस्व अधिकारी अपने रीडर पर ही निर्भर न रहें। राजस्व न्यायालय में विचाराधीन हर प्रकरण की नियमित रूप से पेशी लगें और सुनवाई भी हो। इसलिए राजस्व अधिकारी अपने रीडर की अलमारी चैक करें और व्यक्तिगत ध्यान देकर पूरे प्रकरणों को सूचीबद्ध करें। साथ ही पेशी की तिथियों सहित सूची अपनी टेबल पर रखें। उन्होंने कहा जिन प्रकरणों में इश्तेहार जारी किया जाना आवश्यक हो उनमें समय से इश्तेहार जारी कराएं। साथ ही आवेदकों को नोटिस की तामीली भी समय से कराई जाए, जिससे प्रकरण की नियमित सुनवाई हो और जल्द से जल्द निराकरण भी हो जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि तहसील कार्यालय परिसर में आम जनों के लिये पेयजल व अन्य बुनियादी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था रहे। रीडर सभी प्रकार के रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित ढंग से रखें और आवक-जावक रजिस्टर भी व्यवस्थित ढंग से रहना चाहिए।

### समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों का 10 दिन में हो निराकरण

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विशेष बल देकर कहा कि राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बटवारा व सीमांकन प्रकरणों का प्रमुखता से निराकरण किया जाना है। इसलिए जो प्रकरण समय-सीमा से बाहर निकल गए हैं उनका निराकरण 15 दिन के भीतर सुनिश्चित करें। इसमें कोई ढ़िलाई न हो।

## सांसद कुशवाह आज रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य का करेंगे निरीक्षण

**ग्वालियर 19 जुलाई .** सांसद भारत सिंह कुशवाह 20 जुलाई को ग्वालियर रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य का निरीक्षण करेंगे। श्री कुशवाह इस दिन प्रातः 9 बजे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुँचेंगे। सांसद श्री कुशवाह इस दिन अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।




# हनुमान मंदिर नौगांव पर पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 जुलाई.** आज सरपंच ग्राम पंचायत मेहगांव के द्वारा बताए गए स्थान पर ग्रामीण एवं वहां रहने वाले स्थानीय बच्चों से हनुमान मंदिर नौगांव पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधा रोपण कार्य करवाया गया जिसमें चिरौल, नीम, सिस्सू, करंज प्रजातियों के पौध रोपण किए गए। इस कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत मेहगांव कमलेश यादव ग्रामीण वीर सिंह यादव, रघुवंशी बंजारा, रवि सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन 21 को

**ग्वालियर 19 जुलाई.** अग्रवैश्य समाज के लोग एक साथ मिलकर अपने परिवार के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभा सकें, इसके लिए अग्रवाल परिचय सम्मेलन के द्वारा निरन्तर प्रयास जारी हैं। यह जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल परिचय सम्मेलन राजेश ऐरन ने दी। ऐरन ने बताया कि अग्रवैश्य समाज, खण्डेलवाल वैश्य गहोई वैश्य, माहौर वैश्य, माथुर वैश्य, माहेश्वरी वैश्य एवं जैन समाज के बन्धु एक साथ मिलकर अपने बच्चों के रिश्ते भी कर सकें, इसके लिए 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे से सिटी प्लाजा शिन्दे कि छावनी पर होने वाले अग्रवैश्य पारिवारिक सम्मेलन में चर्चा होगी। साथ ही इसी दिन 21 जुलाई को गूरु पूर्णिमा पर गुरुजन सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा।

## अटल गृह ज्योति योजना में दी 125 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

**ग्वालियर 19 जुलाई.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रभावी व पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 25 लाख 14 हजार रूपये से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को 125 करोड़ 83 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है।

सबसे ज्यादा शिवपुरी जिले के उपभोक्ताओं को 11 करोड़ 47 लाख रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है। वहीं दूसरे नंबर पर भिण्ड जिला रहा है, जहां 11 करोड़ 15 लाख से अधिक की सब्सिडी दी गई है।

# एलआईसी की मुरार शाखा ने किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 19 जुलाई.** भारतीय जीवन बीमा निगम मुरार शाखा ने आज 150 पौधौ का रोपण आयकर विभाग और सचिन तेंदुलकर मार्ग पर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुखराम महली द्वारा किया गया. भारत सरकार एवं एल आई सी केन्द्रीय कार्यलय के परिपत्र के अनुसार पर्यावरण साफ सुथरा और शहर भी हराभरा रह सके इस हेतु यह कार्य किया जा रहा है पौधारोपण में कार्यलय के कर्मचारीगण आधिकारीगण और अभिकर्तागण उपस्थित थे यह जानकारी मिडिया प्रभारी हेमंत सिंह ने दी।


**Solapur Municipal Corporation**

'Indrabhuvan' Dr. Ambedkar Chowk, railway line Solapur -413001
Electrical Dept., Asst. Engg Mb. No.: 9422457924
Mail Id : smcasstlight@gmail.com

**Notice for Tender**

Electrical Dept. Solapur Municipal Corporation invites E-Tender-ID- 2024_SMC_1055054_1 - Power supply arrangement for EV Charging Station under Central Govt. sponsored PM-E Bus scheme at T.P.2 Budhwar peth Solapur at Solapur for the detailed tender documents, interested bidder should visit on http://www.mahatenders.gov.in tender submission would be online and the deadline to submit the proposal is 12/8/2024

sd/-
Commissioner
Solapur Municipal Corporation, solapur

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (North) City Dn., Roshanighar Campus Gwalior (M.P.)
E-mail : dgmnorthcitygwl@gmail.com
NIT No. DGM/NORTH/GWL/2024-25/1468 Gwalior, Dated : 18.07.2024

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :

| Name of unit/Office | Particulars | Monthly Ceiling Charge (Rs.) | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|---|
| Office of The VINAY NAGAR ZONE UNDER DGM (CITY DIV. NORTH), MPMKVVCL GWALIOR (M.P.) | Hiring of Vehicle Type-D,Mini Truck (3 Metric Ton) Single Shift Year-2024 | 41590+GST | 500/- + GST @ 18%Extra | 5,000/- | 25.07.24 at 15:00 hrs. |

Relevant details are full tender would be available on our company **website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** very shortly.
M.P. Madhyam/115459/2024 **DGM (North)**

**M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
GPH Compound, Pologround, Indore, Ph. No. : 0731-2426144, 2426204/166, 2426203
E-mail : sepurchase06@gmail.com, CIN : U40109MP2002SGC015121
No. MD/WZ/06/PUR/NIT-304/10790 Indore, Dated : 19.07.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

Online tenders are invited for following Material/Items/Services as per Tender Specifications :-

**Part-I (Services)**

| TS No. | Name of Item | Unit | Approx. Qty. | Online Tender Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1794 | AMC & onsite Support of various IT Equipment's installed at Advance Metering Infrastructure Control Centre MPPKVVCL, Indore for period of 3 Years | Lot | 1 | 28.08.2024 |
| 1795 | Supply, Installation and Commissioning of LED Display unit's at Sabhagrah hall of corporate office, MPPKVVCL, Indore | No. | 02 (65 inch) LED 4K smart TV | 03.09.2024 |
| | | No. | 01 (98 inch) Signage Display | |
| 1796 | Consultancy Services to carry out Loss Estimation Study upon 1% of each parameters in MPPKVVCL, Indore | LS | 1 | 11.08.2024 |
| 1810 | Outsourcing of Internal Audit related to LT Revenue Audit of Distribution Centres/ Zones offices under different Circles of MPPKVVCL, Indore for the F.Y.2023-24 to 2024-25(to be conducted on Half Yearly basis separately for each Half Year)" | LS | 434 (Approx.) DC/ Zone office | 02.09.2024 |

**Part-II (Material/Item)**

| TS No. | Name of Item | Unit | Approx. Qty. | Online Tender Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1797 | Supply of 33 kV Polymer Disc Insulators | No. | 8785 | 21.08.2024 |
| 1798 | Polymer AB Switches | | | 21.08.2024 |
| | 11 kV | No. | 1620 | |
| | 33 kV | No. | 460 | |
| 1799 | **RCA for supply of PCC Poles** | | | 28.08.2024 |
| | 8 Mtr. Long 140 Kg | No. | 32855 | |
| | 9.1 Mtr. Long 280 Kg | No. | 6204 | |
| 1800 | **VCB along with spare parts** | | | 23.08.2024 |
| | 11 KV | No. | 565 | |
| | 33 KV | No. | 243 | |
| 1801 | 100 KVA BIS EEL-3 (Old)/EEL-2 (New), DTRs | No. | 1600 | 21.08.2024 |
| 1802 | 63 KVA BIS EEL-2 (Old)/EEL-1(New),DTRs | No. | 1414 | 23.08.2024 |
| 1803 | RCA for repairing & testing of 315 KVA BGP failed DTRs | No. | 120 | 14.08.2024 |
| 1804 | Type-II Transformer Oil | KL | 1333 | 23.08.2024 |
| 1805 | 1100 V, Single Core XLPE Insulated Un-armoured Al Conductor Cable assorted size | KM | 585 | 11.09.2024 |
| 1806 | Copper Control Cable (2.5 Sqmm) | KM | 160 | 18.09.2024 |
| 1807 | 11 & 33 KV Metering equipment of 0.5s accuracy class | No. | 633 | 06.08.2024 |
| 1808 | Engagement of outsourcing agency for testing of Metering Equipment (CT:PT) and Meter installed at the premises of various Renewable Energy (RE) generators of Ujjain & Indore regions of MPPKVVCL, Indore other than Shajapur & Agar Circle | Set | 723 | 28.08.2024 |
| 1809 | Supply of WPB 160 x 160 mm, (30.44 kg/m, DxB 152 mm x 160 mm, 7/9/11/13 mtr.) | MT | 3606.96 | 23.08.2024 |

For further detailed information visit website **http://www.mpwz.co.in** or **https://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/115467/2024 **CHIEF ENGINEER (PURCHASE)**

**JANA SMALL FINANCE BANK**
(A scheduled commercial bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस : द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें**

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

| क्र. | लोन एकाउंट नं. | मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस तिथि | कब्जा तिथि | वर्तमान बकाया | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि ईएमडी रु. में | ई-नीलामी तिथि व समय | बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45519420001672 | 1. श्री योगेश शर्मा आत्मज उमेश शर्मा 2. श्रीमती लता शर्मा पत्नी उमेश शर्मा | 14-2-2024 | 25-4-2024 | रु. 5,15,309.70 (रु. पांच लाख पंद्रह हजार तीन सौ नौ व पैसा सत्तर) मात्र 17-7-2024 को | 22-7-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 7,50,000/- (रु. सात लाख पचास हजार मात्र) | रु. 75,000/- (रु. पिचहत्तर हजार मात्र) | 8-8-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 7-8-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01 ग्राउंड फ्लोर एमपी नगर जोन-2 भोपाल म.प्र.-462011 |

**संपत्ति विवरण/अनुसूची**- भूखंड संख्या 81 और 82 का हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, (92.93 वर्ग मीटर), भूमि सर्वेक्षण संख्या 839 और 840 का हिस्सा, गांव मालनपुर, वार्ड संख्या 63, परगना और जिला ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित है. **पूर्व में**- 20 फीट चौड़ी सड़क से घिरा हुआ है. **पश्चिम में**- भूखंड संख्या 65 और 66, **उत्तर में**- भूखंड संख्या 82 का हिस्सा और **दक्षिण में** भूखंड संख्या 81 का हिस्सा है.

संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित किया जा रहा है और ई-नीलामी 'ऑनलाइन' आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान किसके पक्ष में किए जाएंगे जना लघु वित बैंक. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी. 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता एम/एस से संपर्क कर सकते हैं. 4 समापन; श्री अरिजीत कुमार दास से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 8142000725. ईमेल आईडी- info@bankauctions.in / arigit@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री अजय नाइक से संपर्क करें (मो.नं.9960948687) एवं श्री महेंद्र ब्रम्हणे (मो.नं.9029290202). प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इच्छुक बोली- बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं के लिए भी एक सूचना है. गिरवी संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में गारंटर/बंधककर्ता/उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन ब्याज और सहायक राशि के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है. नीलामी की तारीख से पहले के खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

दिनांक- 20-7-2024, स्थान- ग्वालियर | ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95